भोले तेरी मोहिनी

भोले तेरी मोहिनी ने मोह लिया हमको,
रे भोले तेरी मूरत मोहिनी ने मोह लिया हमको,
जो मजा कभी न मिला तूने वो दिया हमको.......

देवों का देव है तू महादेव नाम है,
सबसे ऊंची जगह पे तेरा परमधाम है,
भोले तेरे बोलेपन नेमोह लिया हमको......

सारे जग के विष को पी के अमृत बनाता है,
सारी बुराइयां तू जग से मिटाता है,
जग से मिटाता है, मन से मिटाता है ,
तेरी सारी खूबियों ने मोह लिया हमको,
जो मजा कभी न मिला तूने वो दिया हमको........

निराकार ज्योतिर्लिंग तेरा स्वरूप है,
महिमा तेरी भोले सबसे अनूप है,
तेरी अनहद रौशनी ने मोह लिया हमको.......

भोले तेरी याद का ये कैसा नशा है,
बेहद नशा है ये बेहद मज़ा है,
अंत नहीं है जिसका ऐसा मज़ा है,
मीठी मीठी बातों से तूने मोह लिया हमको,
अपनी मीठी मीठी बातों से तूने मोह लिया हमको..........

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/26185/title/bhole-teri-mohini

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |